लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *120

28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र पार्क

*120. **श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार कर्नाटक में चिक्कोड़ी क्षेत्र में जनशक्ति, लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता और समीपवर्ती क्षेत्र में उपलब्ध कृषि उत्पाद पर विचार करते हुए यहां एक वृहत वस्त्र पार्क स्थापित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>दिनांक 28.06.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए निर्धारित लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *120 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क) और (ख): वस्त्र मंत्रालय को छिक्कोडी, कर्नाटक में वस्त्र पार्क की स्थापना के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

सरकार एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) का क्रियान्वयन कर रही है जो वस्त्र इकाइयों के लिए विश्व-स्तरीय अवसंरचना सुविधाओं के सृजन हेतु सहायता उपलब्ध कराती है। यह योजना प्रत्येक पार्क के लिए 40.00 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा के अध्यधीन परियोजना लागत के 40% तक अनुदान उपलब्ध कराती है। यह योजना एक मांग आधारित योजना है जिसके अंतर्गत भावी उद्यमी कुछ पूर्वापेक्षाओं को पूरा करने के उपरांत अपने प्रस्ताव सरकार को भेज सकते हैं।

****